# पीएम मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में गुजरात में विश्वविद्यालयों की संख्या 11 से बढ़ कर 102 पर पहुँची है : मुख्यमंत्री

**अहमदाबाद ।**

गुजरात राज्य के एकमात्र तथा अहमदाबाद में स्थित मुक्त विश्वविद्यालय 'डॉ. बाबासाहब अंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय (डॉ. बाबासाहब अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी (बीएओयू)' के सूरत, भावनगर, भुज (कच्छ) तथा पालनपुर (बनासकाँठा) के क्षेत्रीय केन्द्रों (रीजनल सेंटर्स) के भवनों का शनिवार को मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के करकमलों से भूमिपूजन किया गया। यह समारोह अहमदाबाद में बीएओयू के कश्यप सभागृह में आयोजित हुआ। इस अवसर पर श्री पटेल ने हाल ही में (बीएओयू) को नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (एनएएसी) में ए++ रैंक प्राप्त होने पर अभिनंदन देते हुए कहा कि राज्य के लिए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि है। बीएओयू स्वामी विवेकानंद के विचार 'शिक्षा लोगों तक पहुँचनी चाहिए' को चरितार्थ कर रही है और राज्य के घर-घर ज्ञान की गंगा पहुँचा रही है। मुख्यमंत्री ने (बीएओयू) द्वारा लोगों, महिलाओं, दिव्यांगों तथा विशेष रूप से ट्रांसजेंडर को शिक्षित करने के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि बाबासाहब अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी समय के साथ चलते हुए द्रोणाचार्य सेंटर या एकलव्य पोर्टल के माध्यम से राज्य के लोगों को घर बैठे ज्ञान की गंगा में




डुबकी लगाने का अवसर प्रदान कर रही है। पटेल ने आशा व्यक्त की कि बीएओयू के क्षेत्रीय केन्द्रों के माध्यम से अंतिम छोर के लोगों तक शिक्षा आसानी से पहुँच सकेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में दूरंतर शिक्षा का महत्व बढ़ा है। राज्य में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में शिक्षा क्षेत्र में बहुत विकास हुआ है। राज्य में 20 वर्ष पहले केवल 11 विश्वविद्यालय थे, जिनकी संख्या बढ़ कर 120 पर पहुँची है। ऊर्जा से भरपूर युवाओं को शिक्षा पहुँचाने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। भूपेंद्र पटेल ने आह्वान किया कि 'हर घर तिरंगा' अभियान में सभी सहभागी होने के साथ आज़ादी के अमृत काल को कर्तव्य काल में परिवर्तित करें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि बीएओयू जैसे विश्वविद्यालय ज्ञान के अमृत को राज्य के कोने-कोने तक पहुँचाएँगे।

शिक्षा मंत्री जीतू वाघाणी ने डॉ. बाबासाहब अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी को एनएएसी में मिली ++रैंक के लिए अभिनंदन देते हुए कहा कि राज्य का कोई विश्वविद्यालय रेटिंग व रैंकिंग में पीछे न रहे; इसके लिए मुख्यमंत्री के करकमलों से गरिमा सेल स्थापित हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के सकारात्मक दृष्टिकोण, निरंतर सहयोग व मार्गदर्शन में शिक्षा क्षेत्र में अनेक आयाम सिद्ध हो सके हैं। राज्य के विश्वविद्यालयों की सभी आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए सरकार कटिबद्ध है। उन्होंने बीएओयू के क्षेत्रीय केन्द्रों के माध्यम से अंतिम छोर के लोगों तक शिक्षा पहुँचने की आशा व्यक्त करते हुए कहा कि बीएओयू द्वारा अत्रि स्पेशल लर्नर सपोर्ट सेंटर, गुरुकुल मॉडल लर्नल सपोर्ट सेंटर, गार्गी सेंटर फ़ॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट ऑफ़ वुमन, द्रोणाचार्य सेंटर फ़ॉर स्टार्टअप्स, इनोवेशन एंड एंटरप्रिन्योरशिप जैसी पहलों के अतिरिक्त प्रोफ़ेशनल-वॉकेशनल पाठ्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। क्षेत्रीय केन्द्रों के माध्यम से उन लोगों तक उच्च शिक्षा पहुँच सकेगी, जिन तक अभी उच्च शिक्षा पहुँची नहीं है। वाघाणी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शिक्षा क्षेत्र पर बहुत फ़ोकस किया था, जिसके फलस्वरूप गुजरात आज एजुकेशन हब बन गया है और आने वाले समय में गुजरात शिक्षा क्षेत्र में समग्र विश्व में चमक उठेगा।

# सूरत जिले के अमरोली में मेलदी मां के पटोत्सव के भव्य समारोह की तैयारियां चल रही हैं





सूरत भूमि, सूरत ।

भारत में कई परंपराएं हैं, संस्कृति के साथ जीने का एक विशेष तरीका, जो इन परंपराओं के कारण जीवन को आनंद से जीने की कला को साकार करता है, यही कारण है कि देश दुनिया में अपना नाम रोशन हो रहा है भारत में सांस्कृतिक विचारधारा अमरोलीक में मेलदी माताजी के पटोत्सव की भव्य तैयारी चल रही है

मनो दरबार हरख के टेडु के दिव्य निमंत्रण से जय माताजी चैरिटेबल ट्रस्ट के मनो दरबार सेवा मण्डल के विशाल भक्त दिव्य योजना में अनुशासित शोभा यात्रा के साथ महाप्रसाद, महान गायक और गायक, माताजी के भजनों का जाप करते हुए भक्ति के रंग में रंगते हैं उनकी दिव्य आवाज के साथ।

दैवीय भक्ति का वातावरण बनाने की पूर्व तैयारी के रूप में काफी तैयारी चल रही है। 19/8 को मेलदी माताजी का सातवां पटोत्सव मनाया जाना है। इस भव्य आयोजन में महाप्रसाद सहित वर्दी के कपड़ों से सजे बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों, संतों, महंतों और दिव्य आवाज कलाकारों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की उम्मीद है।

जय माताजी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अमरोली का यह दिव्य मंदिर पटोत्सव दिन दुख्य का आधार बनता जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग इस मां के चरणों में दर्शन के लिए झुकते हैं और आयोजक गण इसका लाभ लेने के लिए एक सार्वजनिक निमंत्रण दिया गया है।

# नवी म्यूचुअल फंड ने पेश किया भारत का पहला मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स फंड 12 अगस्त को खुलेगा एनएफओ




**बेंगलुरू।**

नवी म्यूचुअल फंड ने इस साल अपने छठे फंड, नवी निफ्टी इंडिया मैन्युफेक्चरिंग इंडेक्स फंड की घोषणा की। यह भारत का पहला इंडेक्स फंड है, जो मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर केंद्रित है। यह एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है, जो निफ्टी इंडिया मैन्युफेक्चरिंग इंडेक्स को दोहराएगा और भारत में शीर्ष 300 कंपनियों में शामिल निर्माताओं के प्रदर्शन को ट्रैक करेगा।

विनिर्माण भारत के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है, जो इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार के निरंतर समर्थन से बढ़ा है। 'मेक इन इंडिया', प्रोडक्ट लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम और स्किल इंडिया स्किल्स कुछ ऐसे कार्यक्रम हैं, जिसका उद्देश्य भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पादन का केंद्र बनाना है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ("एफडीआई") नीतिगत पहलों का उद्देश्य नियंत्रणों को कम करके विदेशी निवेश को बढ़ाना है। साल 2021 में मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर में स्नष्ठढ्ढ 25 फीसदी बढ़कर 16.3 अरब डॉलर (2) हो गया। नए निफ्टी इंडिया मैन्युफेक्चरिंग इंडेक्स का उद्देश्य भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में निवेश को सुविधाजनक बनाना है। यह सभी क्षेत्रों में एक अच्छी तरह से विविध और उच्च मार्केट कैप इंडेक्स के माध्यम से पूरे उत्पाद क्षेत्र में आसान और निष्पक्ष पहुंच प्रदान करेगा। निवेशकों को अगले उभरते क्षेत्रों जैसे इलेक्ट्रिक वाहन, सेमिकंडक्टर, रक्षा आदि में सेक्टर के नेताओं के साथ विकास से भी लाभ होगा। वर्तमान में, निफ्टी इंडिया मैन्युफेक्चरिंग इंडेक्स में सबसे बड़े सेक्टर ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट्स, कैपिटल गुड्स, हेल्थकेयर और मेटल्स एंड माइनिंग हैं। इसका एक संतुलित प्रतिनिधित्व भी है, शीर्ष 10 शेयरों में सूचकांक का केवल 37 प्रतिशत हिस्सा है। सूचकांक ने पिछले 1, 3, 5, 10 वर्षों में और 2005 के बाद से पिछले 10 वर्षों में सीएजीआर (3) पर - 8.9%, 24.5%, 9.6%, 14.5% और 14.3% का औसत वार्षिक रिटर्न दिया है।

# अधिक से अधिक लोगों को तिरंगा अभियान से जोड़ने के लिए वास्तु ट्रस्ट ने तिरंगे के साथ बांटा मुफ्त घी





**सूरत भूमि, सूरत।** देश में आज से हर घर तिरंगा अभियान शुरू हो गया है. ऐसे में सुबहसे ही कई घरों, दफ्तरों, इमारतों को तिरंगे के बाहर फहराया गया है. तभी सूरतके वराछा क्षेत्र में वास्तु चैरिटेबल ट्रस्ट ने भी इस अभियान में शामिल होने और अधिक से अधिक परिवारों को हर घर तिरंगा अभियान में शामिल कर प्रोत्साहित करने का फैसला किया, जिसके तहत 1000 परिवार को त्रिरंगा के साथ-साथ वास्तु घीके पाउच मुफ्त में वितरित किए गए। वास्तु ट्रस्टके सदस्योंने सभी परिवारसे अपने घर पर तिरंगा फहरानेकी अपील की।

# ड्रोन टेक्नोलॉजी का अधिकतम् लाभ किसानों व अंतिम छोर के मानव को पहुँचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**गांधीनगर ।**

राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि ड्रोन टेक्नोलॉजी का अधिकतम् लाभ किसानों और अंतिम छोर के साधारण मानव को मिले। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शनिवार को गांधीनगर स्थित गुजरात राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी-जीएनएलयू) में स्कूल ऑफ़ ड्रोन का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। पटेल ने शनिवार को अहमदाबाद स्थित कौशल्य-द स्किल यूनिवर्सिटी के अंतर्गत जीएनएलयू-गांधीनगर में स्कूल ऑफ़ ड्रोन का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल तथा श्रम, कौशल्य विकास व रोज़गार मंत्री ब्रिजेश मेरजा उपस्थित रहे। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निरंतर मार्गदर्शन के कारण गुजरात कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, उद्योग सहित सभी क्षेत्रों में देश का ग्रोथ इंजन बना है। गुजरात सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम् लाभ अंतिम छोर के मानव व लाभार्थियों तक पहुँचाने के लिए ड्रोन टेक्नोलॉजी सही अर्थ में वरदान समान सिद्ध होगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में किसानों, साधारण मानव तथा युवा भी ड्रोन का विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक उपयोग कर सकें;इस उम्दा उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर ड्रोन की नीति में उल्लेखनीय संशोधन-परिवर्तन किए हैं। इसके फलस्वरूप आज गुजरात में स्कूल ऑफ़ ड्रोन का शुभारंभ किया गया है। समग्र देश में ड्रोन टेक्नोलॉजी में इंस्ट्रक्टर, पायलट, मेंटेनेंस तथा उत्पादन क्षेत्र में नए अवसरों का सृजन कर गुजरात अग्रसर राज्य बना है। कौशल्य-द स्किल यूनिवर्सिटी भारत में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) मान्यता प्राप्त ड्रोन प्रशिक्षण का राज्य स्तरीय प्रथम विश्वविद्यालय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात में ड्रोन टेक्नोलॉजी के विकास के लिए आर्थिक सहायता का भी भुगतान किया जाता है। स्टार्टअप क्षेत्र में पिछले तीन वर्षों से समग्र देश में गुजरात प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप के माध्यम से आज़ादी के अमृत काल में गुजरात सहित समग्र देश सभी क्षेत्रों में प्रगति करे;इस दिशा में हम सभी को संयुक्त प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री के 'हर घर तिरंगा' अभियान को अधिक से अधिक सफल बनाने के लिए गुजरात के एक करोड़ घरों तक राष्ट्र ध्वज तिरंगा पहुँचाया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी गुजरातियों का इस अभियान में सहभागी होने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद पटेल के करकमलों से डीजीसीए मान्यता प्राप्त ड्रोन प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को ड्रोन पायलट लाइसेंस प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री सहित महानुभावों की उपस्थिति में जीएनएलयू कैम्पस में ड्रोन निर्माण करने वाली विभिन्न कम्पनियों द्वारा ड्रोन अभ्यास भी किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा कि ड्रोन टेक्नोलॉजी से स्वास्थ्य, जल संसाधन, कृषि एवं रक्षा क्षेत्र में विकास का नया सोपान रचेगा। आज उभरते ड्रोन टेक्नोलॉजी क्षेत्र में विकास के विपुल अवसर रहे हुए हैं। ड्रोन टेक्नोलॉजी का उपयोग स्वास्थ्य, जल संसाधन, कृषि, रक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में शुरू हुआ है। ऐसे में ड्रोन निर्माण, मरम्मत से लेकर उसे चलाने तक का प्रशिक्षण इस नए स्कूल ऑफ़ ड्रोन द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री तथा वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के युवाओं के विश्व स्तरीय प्रगति करने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों से संबंधित विश्वविद्यालयों की स्थापना की थी। हमारा देश टेक्नोलॉजी क्षेत्र में विश्व स्तर पर अग्रसर बनने जा रहा है। ऐसे में भारतीय उद्योगों को स्किल्ड (प्रशिक्षित) मानव संसाधन की आवश्यकता है। इस आवश्यकता को परिपूर्ण करने के लिए राज्य सरकार द्वारा कौशल्य-द स्किल यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई।

# चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा अखिल भारतीय राष्ट्रीय सम्मेलन 2022 का आयोजन किया






**सूरत।**

चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा 3/08/2022 और 14/08/2022 को सूरत शाखा अखिल भारतीय राष्ट्रीय सम्मेलन 2022 का आयोजन किया गया है। चेयरमैन सीए निकेश कोठारी के मुताबिक सीए की भरूच, नवसारी और वापी शाखाएं भी इस सम्मेलन में शामिल हुई हैं। इस सम्मेलन में पूरे भारत से 1000 से अधिक चार्टर्ड एकाउंटेंट भाग ले रहे हैं।

इस वर्ष राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य रूप से चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, जीएसटी, आयकर, सीए द्वारा 2 से 5 कर्मचारियों के सफल कार्यालय और कर्मचारियों के प्रबंधन, डिजिटल टीआर-सोरफॉर्मेशन, डेटा विश्लेषण में व्यापार मंच, भारत के विकास और विश्व स्तर पर सही दिशा में निवेश पर ध्यान केंद्रित किया गया। विभिन्न विशेषज्ञ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के लिए अवसरों जैसे विषयों पर अपने अनुभव के साथ विश्लेषण करेंगे।

इनमें आईसीएआई के पूर्व अध्यक्ष सीए नील हिम्मरो, पूर्व आईसीएआई मुख दे अतुल गुप्ता, सीए गुरु प्रसाद, एडवोकेट श्री कपिल गोयल, सीए राजीव गुप्ता, सीए कानन बहल, आईसीएआई के पूर्व अध्यक्ष बोर्ड ऑफ स्टडीज सीए जय छैरा, डब्ल्यूआईआरसी के चेयरमैन सीए मुर्तुजा काचवाला शामिल हैं। सीए गौतम पाई और सीए झिन की तार्किक और विडंबनापूर्ण प्रस्तुति के साथ अपने अनुभव पर चर्चा और विस्तार करेंगे।

इसके अलावा, सूरत शहर के सीए ने "शिक्षा अभियान" के माध्यम से नगर निगम के सरकारी स्कूल के 11 वीं कक्षा के छात्रों को खाता पढ़ाने का महान कार्य किया है और प्रत्येक सीए को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है।

# 75वां आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भगवान महावीर यूनिवर्सिटी द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन





भगवान महावीर यूनिवर्सिटी द्वारा वेसू भरथना रोड पर 6 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें लगभग 15000 बच्चे तिरंगा यात्रा में शामिल हुए, माननीय मंत्री श्री पूर्णेश मोदी, विधायक झंखना बेन पटेल, स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन परेश भाई पटेल, विधायक विवेक पटेल के साथ 15000 से भी अधिक लोग शामिल हुए।

सूरत शहर वेसू भरथना रोड पर भगवान महावीर यूनिवर्सिटी द्वारा ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अमृत महोत्सव पूरे देश में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मार्गदर्शन के अनुसार अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत तिरंगा यात्रा काफी भव्य आयोजन हो रहा हैं।

भगवान महावीर यूनिवर्सिटी ने तिरंगा यात्रा में चार चांद लगा दिए हैं। भगवान महावीर यूनिवर्सिटी की तिरंगा यात्रा के बारे में बताते हुए पूर्णेश मोदी ने कहा कि विद्यार्थियों ने तो तिरंगा यात्रा में चार चांद लगा दिए थे। इस तिरंगा यात्रा में 4500 बाइकों पर छात्र-छात्राओं का अद्भुत नजारा वेसु विस्तार में देखने को मिला। वेसु का एक भी विस्तार ऐसा नहीं है जहां तिरंगा यात्रा ना गई हो भगवान महावीर यूनिवर्सिटी से निकलने वाली इस तिरंगा यात्रा में 15000 से भी अधिक छात्र-छात्राएं और अन्य लोग शामिल हुए। लगभग हर किसी के हाथ में तिरंगा लहराता हुआ अद्भुत नजारा दिखा। पूरे वेसू भरथाना विस्तार में मात्र तिरंगा और तिरंगा ही नजर आ रहा था।

इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन और संचालन डॉक्टर हितेश जोशी और मेहुल नायक ने किया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादकः संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत (गुजरात) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ (गुजरात) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत (गुजरात) से प्रकाशित। कार्यालय फोनः 0261-2274271, (न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा)